आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.09.2025 समय : 02.10pm

**मुख्यमंत्री -हरदा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हरदा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का सिंगल क्लिक से बैंक खाते में भेजी ।

**'सेवा पर्व'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लॉन के माध्यम से ढांचागत विकास को क्रांतिकारी बनाया है।

**राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में उन्होंने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया है।

**महा सप्तमी**

आज नवरात्रि का सातवाँ दिन है। देश भर में महा सप्तमी मनाई जा रही है। सप्तमी के सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में से एक है कलबाऊ या नव पत्रिका स्नान (स्नान समारोह), जिसका दुर्गा पूजा समारोहों में विशेष स्थान है। महा सप्तमी हमें याद दिलाती है कि आंतरिक शक्ति और साहस नकारात्मकता पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर को कर दरों में कटौती की है। अब पिज़्ज़ा, ब्रेड, खाखरा और चपाती

पूरी तरह कर-मुक्त हैं। पराठा और डिब्बाबंद खाद्य वस्तुओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी खत्म कर दिया गया है। वहीं सॉस और मसालों पर कर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। करो में इस बदलाव का मकसद भोजन की सामर्थ्य में सुधार, दैनिक पोषण सुनिश्चित करने और उपभोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करना है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की विदाई के बीच बारिश का दौर जारी है। भोपाल, इंदौर और जबलपुर सहित कई जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटों में धार, बड़वानी, नरसिंहपुर, बैतूल, उज्जैन, जबलपुर और सिवनी सहित कई जिलों में बारिश हुई। नर्मदापुरम के तवा डैम के पांच गेट खोले गए।

**समाचार संक्षेप**

- भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में एनसीवीटी द्वारा आयोजित कार्यशाला में केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी और मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।
- सेवा पखवाड़ा के तहत कल आगरमालवा जिला चिकित्सालय में सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली गई।
- कटनी  जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 6 दिवसीय शॉपकीपर प्रशिक्षण दिया जा रहा है
- खंडवा में स्वच्छोत्सव 2025 के अंतर्गत वेस्ट टू बेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन आज नगर निगम खंडवा में किया गया।
- खरगोन जिले में हो रही अत्यधिक बारिश के चलते कपास मण्डी में नीलामी कार्य आज से 4 अक्टूबर तक बंद रहेगा।

--------------------------------